गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद

पत्रांक 484/4/PMT 2019–20 दिनांक 18/1/2020

एकल निविदा आमंत्रण सूचना

उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से सपठित उल्लेखित नियम व शर्तो के अन्तर्गत निम्न कार्यों की मुहरबन्द निविदाए कार्य के सम्मुख अंकित दिनाक को आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र प्राधिकरण मुख्यालय मे स्थित विजया बैंक जी0डी0ए0 परिसर, एवं प्राधिकरण वैबसाइट से पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्य के सम्मुख अंकित अवधि में किसी भी कार्य दिवस में क्रय किये जा सकेंगे। निविदाए प्राधिकरण कार्यालय मे रखे निविदा बाक्स में निम्नानुसार निविदा आमंत्रण के दिनांक को अपरान्हः 2:00 बजे तक डाली जा सकती है। प्राप्त सभी निविदाएं उसी दिनांक को ही अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों/फर्मो के समक्ष (यदि उपस्थित हों) खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आरक्षित राशि (रू0 लाख मे)	निविदा मूल्य (रू0 में)	धरोहर राशि (रू0 मे)	कार्य की अवधि	जोन का नाम	निविदा विक्रय की अवधि	निविदा आमंत्रण/खोले जाने की तिथि
1.	प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागों में स्थापित प्रिन्टरों हेतु विभिन्न मॉडल के कम्पैटिबल कार्टेज/टोनर कय किये जाने का कार्य।	मदवार	1121.00	10000.00	120 दिन	कम्प्यूटर अनुभाग	20.01.2020 से 27.01.2020 तक	27.01.2020
2.	इन्दिरापुरम योजना के भूमिगत जलाशय एन0एच0–24 (न्यायखण्ड–1) एवं ज्ञानखण्ड–4 मे पूर्व से स्थापित सोडियम लाईटो के स्थान पर 70 वाट एल0ई0डी0 लाईट लगाये जाने का कार्य।	3.86	1121.00	8000.00	30 दिन	विद्युत टी.एच.ए.	20.01.2020 से 27.01.2020 तक	27.01.2020
3.	राजनगर स्थित सेन्ट्रल पार्क, मानव औषधि पार्क एवं आडू पार्क में पूर्व से स्थापित पोलों पर एल0ई0डी0 लाईट लगाने का कार्य।	4.83	1121.00	10000.00	45 दिन	विद्युत जी.एम.पी.	20.01.2020 से 27.01.2020 तक	27.01.2020
4.	राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में मुख्य बन्धा मार्ग पर 3 माह की साफ–सफाई का कार्य।	8.53	1534.00	17100.00	90 दिन	01	20.01.2020 से 27.01.2020 तक	27.01.2020

नियम व शर्ते :–

1– निविदा प्रपत्र प्राधिकरण की वैबसाइट **www.gdaghaziabad.com** पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। इस प्रकार डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र का उपयोग कर निविदा डालने पर निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर (नॉन–रिफण्डेबल) जो कि उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में गाजियाबाद स्थित बैंक शाखा में भुगतान योग्य हो तथा धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 संलग्न किया जाना अनिवार्य है। निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर तथा धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न न होने की स्थिति मे निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी।

2– निविदा विक्रय के अंतिम दिवस तथा निविदा आमत्रण के दिनांक को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को विक्रय/खोली जायेगी।

3– डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र को स्पायरल बाइण्ड/हार्ड बाउइड करने के पश्चात् ही निविदा हेतु प्रयोग किया जायेगा।

4– वैबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त किये गये निविदा प्रपत्र और बैंक में विक्री के लिए उपलब्ध निविदा प्रपत्र में यदि कोई भिन्नता हो, तो बैंक में उपलब्ध निविदा प्रपत्र ही मान्य होंगे।

5– निविदा स्वीकृति उपरान्त अनुबंध की औपचारिकतायें दस दिन के अन्दर पूर्ण करनी होगी।

6– धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 प्रस्तुत करने के उपरान्त ही बैंक के कैश काउण्टर/कार्यालय से निविदा निर्गत की जायेगी। एफ0डी0आर0 उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में बन्धक होगी।

7– निविदादाता को किसी सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी विभाग में समान प्रकृति के एक कार्य पूर्ण करने का अनुभव होना चाहिए, अनुभव प्रमाण पत्र सलग्न कर प्रेषित करना होगा।

8– अनुवन्ध के दौरान ठेकेदार के किसी श्रमिक की कोई दुर्घटना आदि हो जाती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। प्राधिकरण का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।

9– ठेकेदार को अनुरक्षण प्रकृति के कार्यों हेतु श्रमिक उपस्थित पंजिका का प्रतिमाह रख–रखाव करना होगा।

10– लेबर एक्ट का पूर्ण रूप से पालन करना ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी।

11– ठेकेदार अपने श्रमिकों को पहचान पत्र देगा जो ठेकदार द्वारा सत्यापित होगा।

12– निविदा की दरे जी0एस0टी0 रहित होंगी, जी0एस0टी0 का भुगतान नियमानुसार अलग से किया जायेगा।

13– कम सख्या– 01 पर उल्लेखित कार्य विशिष्ट प्रकृति का है, जिसकी शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुरूप मान्य होंगी।

14– किसी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पास सुरक्षित रहेगा।

(वी0एन0 सिंह)
मुख्य अभियन्ता

Scanned with CamScanner